**उमंग 2025-26** मानकुँवर बाई स्वशासी महिला महाविद्यालय में विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन

# प्रतिभा की चमक से छात्राओं ने जीते मेडल





**नवभारत,जबलपुर।** शासकीय मानकुँवर बाई कला एवं वाणिज्य स्वशासी महिला महाविद्यालय में बुधवार को वार्षिक स्नेह सम्मेलन 'उमंग 2025-26' के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिताओं में छात्राओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। परिसर में दिनभर रचनात्मक गतिविधियों की हलचल रही और विभिन्न विभागों द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने अपनी सृजनात्मकता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्राचार्य डॉ. स्मृति शुक्ल एवं स्नेह सम्मेलन प्रभारी डॉ. कामना श्रीवास्तव ने विजेता छात्राओं को मेडल एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## विभिन्न प्रतियोगिताओं में मिले पुरस्कार

**अंग्रेजी विभाग की विज्ञापन प्रतियोगिता में** -सौम्या विश्वकर्मा ने प्रथम, जाह्नवी झारिया ने द्वितीय और सुप्रिया रावत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। डॉक्यूमेंट्री (ग्रुप) प्रतियोगिता में निमिषा सौंधिया, अंशिका ठाकुर, रिया चौधरी, सुप्रिया रावत और सरिता चौधरी की टीम प्रथम रही। वर्षा कुशवाहा द्वितीय तथा आत्मिका एवं सौम्या प्रांजल तृतीय स्थान पर रहीं।

**मनोविज्ञान विभाग की थाली सज्जा प्रतियोगिता में**- जाह्नवी झारिया प्रथम, श्रीया नामदेव द्वितीय और अनादिता साहू तृतीय रहीं, जबकि सिम्पल मेहतो को सांत्वना पुरस्कार मिला। कलश सज्जा में पलक कुशवाहा प्रथम, मोहिनी सिंह द्वितीय, सुषमा तृतीय रहीं तथा साक्षी पटेल और साक्षी सिंह को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया।

**गृह विज्ञान विभाग की सलाद सज्जा प्रतियोगिता में**-पलक कुशवाहा ने प्रथम, पूजा पटेल ने द्वितीय और श्रिया नामदेव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रिमझिम बरकडे एवं होमंती मरकाम को सांत्वना पुरस्कार मिला। पुष्प सज्जा प्रतियोगिता में अनादिता साहू एवं सिंपल महता प्रथम, अंजलि बर्मन द्वितीय और रौनक सिंह तृतीय रहीं, जबकि जानवी झरिया को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया।

### इनका रहा सहयोग

आयोजन की सफलता में डॉ. अर्चना सिंह, डॉ. उषा कैली, डॉ. अखिलेश कुमार, डॉ. अभिषेक कोष्टा, डॉ. विनीता महोबिया, डॉ. ममता वर्मन, डॉ. ज्योत्सना झारिया, डॉ. तरुणा नाथ, डॉ. हरिओम खटीक, डॉ. धीरज झा, डॉ. सीमा डिकाटे, डॉ. अंजना धुर्वे, श्रीमती श्वेता भवदिया, श्रीमती स्वाति इन्दुरख्या सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारियों का सक्रिय सहयोग रहा।



# पं. दीनदयाल के आदर्शों को आत्मसात कर देश सेवा करें : सोनकर

**भाजपा ने महानगर के सभी 1041 बूथों में अर्पित की पुष्पांजलि**

**नवभारत,जबलपुर।** एकात्म मानववाद के प्रेणता जनसंघ के संस्थापक सदस्य पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर भाजपा जबलपुर महानगर द्वारा भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, विधायक अशोक रोहाणी, अभिलाष पांडे, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज की उपस्थिति में दीनदयाल चौक स्थित पं दीनदयाल की प्रतिमा एवं भाजपा कार्यालय में पुष्पांजलि कर उन्हें नमन किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओ द्वारा शहर के सभी 1041 बूथों में कार्यक्रम आयोजित कर पुष्पांजलि अर्पित की गई और समर्पण दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने कहा समाज के अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति की चिंता करते हुए उस उत्थान के लिए कार्य करते हुए राजनीती करने का जो मार्ग प. दीनदयाल जी ने हमें दिखाया है उस मार्ग पर चलते हुए उनके आदर्शों को आत्मसात कर समाज सेवा और देश सेवा करे तो उन्हें उनकी पुण्यतिथि पर सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इसी उद्देश्य के साथ नगर भाजपा ने सभी बूथों में समर्पण दिवस मनाया है और पार्टी संगठन को सुचारू चलाने के लिए आजीवन सहयोग निधि का समर्पण कार्यकर्ताओ द्वारा किया गया। इस अवसर पर महामंत्री पंकज दुबे, रंजीत पटेल, शंकर श्रीवास्तव, योगेंद्र राजपूत, संकल्प पाठक, रीना राय, विवेक अग्रवाल, श्रीराम शुक्ला, राजेश मिश्रा पप्पू, योगेश बिलोहा, कमलेश नामदेव, पुष्पराज पांडे, अमर पटेल, अतुल जैन दानी, जयकांत उपाध्याय, रंजीत ठाकुर, नितिन भाटिया, कुसुम चौबे, दीपमाला केसरवानी, रौनक अग्रवाल, रविन्द्र तिवारी, नरेश चौधरी उपस्थित थे।

**एक नजर में**

## श्रम शक्ति दिवस पर बिजली कर्मियों का सम्मान आज



**नवभारत,जबलपुर।** बिजली कर्मचारियों के मसीहा और पूर्व विधायक, पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष स्व. डी.पी. पाठक की स्मृति में श्रम शक्ति दिवस का आयोजन 12 फरवरी को दोपहर 1 बजे विजय नगर संभाग विद्युत कार्यालय के पास किया जाएगा। कार्यक्रम में फेडरेशन के समर्पित कर्मठ साथियों का सम्मान किया जाएगा। फेडरेशन के वरिष्ठ पदाधिकारियों यू.के. पाठक, दिनेश दुबे, केदारनाथ अग्निहोत्री, सुनील कुरेले, आर.एस. परिहार, उमाशंकर दुबे, श्याम मोहन वर्मा, सीताराम कुरचानिया, निर्मल शुक्ला, आई.के. अग्रवाल, सुरेन्द्र तिवारी, विजय डोंगरे, मोहन श्रीवास, सुधीर मिश्रा, बसंत मिश्रा, अवनीश तिवारी, दिलीप पाठक आदि उपस्थित रहेंगे और सभी कर्मचारियों से कार्यक्रम में आने और पुष्पांजलि अर्पित करने का आग्रह किया है।



## युवा प्रकोष्ठ के ब्लॉक अध्यक्ष बने कपूर शरण उईके

**नवभारत, जबलपुर।** गौंड समाज महासभा मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष बिशन सिंह परतेती की अनुशंसा पर कपूर शरण उईके को बरगी युवा प्रकोष्ठ का ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष कपूर शरण उईके ने समाज के उत्थान, संगठन की मजबूती और युवाओं को जोड़ने के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया है। समाजजनों ने उनके मनोनयन पर हर्ष व्यक्त करते हुए उज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी हैं।



## आत्मविश्वास और व्यक्तित्व विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

**नवभारत,जबलपुर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल स्वशासी अग्रणी महाविद्यालय जबलपुर में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए 30 दिवसीय 'सॉफ्ट स्किल प्रशिक्षण' कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रितेश सरोठिया (भा.व.से. अधिकारी, स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स, भोपाल) ने कहा कि इस प्रशिक्षण से विद्यार्थियों को संवाद कौशल, सकारात्मक व्यवहार, सही निर्णय क्षमता और बेहतर संबंध निर्माण की कला सीखने का अवसर मिलेगा। विशिष्ट अतिथि डॉ. विवेक मिश्रा (छात्र कल्याण अधिष्ठाता, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर) ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण से विद्यार्थियों में संप्रेषण कौशल, आत्मविश्वास और सामाजिक दक्षता का विकास होता है। प्रशिक्षक अतिया फातिमा खान (उन्नति फाउंडेशन, बैंगलोर) ने बताया कि प्रशिक्षण में इंग्लिश कम्युनिकेशन, लाइफ स्किल, इंटरव्यू तैयारी और समय प्रबंधन जैसे विषयों पर विशेष मार्गदर्शन दिया जाएगा। कार्यक्रम में प्रो. अरुण शुक्ल (संभागीय नोडल अधिकारी, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अलकेश चतुर्वेदी , महाविद्यालय के लगभग 39 विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## श्री दत्त मंदिर में दासनवमी महोत्सव का आयोजन

**नवभारत, जबलपुर।** श्री दत्त मंदिर, जबलपुर में इस वर्ष भी परंपरानुसार दासनवमी महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन श्री दत्त भजन मंडल एवं समर्थ रामदास सेवा समिति द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर नागपुर की प्रसिद्ध विचारक प्रज्ञा पुसदकर ने "आनंदवन भुवनी" और 'समर्थांचा प्रयत्नवाद' विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने बताया कि जीवन में आनंद विषय वस्तु से नहीं बल्कि प्रयास एवं दृष्टिकोण से प्राप्त होता है। कार्यक्रम में समर्थ रामदास सेवा समिति की अध्यक्षा डॉ. षिरीष जामदार और दत्त भजन मंडल के अध्यक्ष विजय भावे ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन समर्थ भक्त अभय गोरे ने किया। उपस्थित मुख्य अतिथियों में डॉ. जितेन्द्र जामदार, अनिल राजुरकर, नितिन देसाई, सुधा पंडित, रंजना वर्तक, श्रीपाद पराँजपे, मंगला फाटक, सौ. आभा गोरे, प्रवीण विप्रदास, सुषील वैद्य, डॉ. मानिक पांसे, विष्वास पाटनकर सहित बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

# नेत्रहीन कन्या विद्यालय में वितरित की पौष्टिक खाद्य सामग्री

**माता गुजरी महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने किया जागरूक**




**नवभारत,जबलपुर।** माता गुजरी महिला महाविद्यालय (स्वशासी) के वाणिज्य विभाग एवं एनसीसी कैडेट्स ने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत राइट टाउन स्थित नेत्रहीन कन्या हाई स्कूल में छात्राओं को पौष्टिक खाद्य सामग्री वितरित की। इस अवसर पर स्वास्थ्यकर आहार, प्रोटीन, विटामिन और संतुलित दिनचर्या के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. सुनील कुमार पाहवा, 2 एम पी गर्ल्स बटालियन कमांडिंग ऑफिसर कर्नल दिनेश जायसवाल, प्रिंसिपल डॉ. संगीता झाम्ब और रजिस्टार डॉ. सत्येंद्र कुररिया के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। वाणिज्य विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अरुणा पाठक, डॉ. गणेश दुबे, डॉ. मंजूषा रावत और एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट भारती तिवारी ने छात्राओं को सुरक्षा, तनावमुक्त जीवन और समस्याओं के समाधान के बारे में मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं द्वारा भजन प्रस्तुति भी दी गई।

## कृषक अधिकार विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कल

**नवभारत,जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की प्रेरणा से जेनेटिक्स एण्ड प्लांट ब्रीडिंग विभाग में पादप किस्म संरक्षण एवं कृषक अधिकार विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण -सह-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कल 13 फरवरी को किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य कृषकों को पादप किस्म संरक्षण एवं कृषक अधिकार अधिनियम के प्रावधानों, महत्व तथा कृषकों एवं प्रजनकों के अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कृषक शामिल होकर महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करेंगे।

## पमरे और सेंट्रल बैंक के मध्य हुआ समझौता

**नवभारत, जबलपुर।** वेस्ट सेंट्रल रेलवे और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने कर्मचारियों के लिए एक विशेष सैलरी पैकेज पर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह पैकेज वित्तीय सेवा विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप तैयार किया गया है। इस समझौते को दोनों संस्थानों के लिए महत्वपूर्ण बताया गया। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के महाप्रबंधक धर्मपाल खुराना ने कहा कि इससे रेलवे कर्मचारियों को व्यापक वित्तीय सुरक्षा और बेहतर बैंकिंग सुविधाओं का लाभ मिलेगा। सैलरी पैकेज के तहत कर्मचारियों को जीवन बीमा और दुर्घटना बीमा की विशेष सुविधा प्रदान की जाएगी। यह किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में कर्मचारियों और उनके परिवार को आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करेगा। इसमें बच्चों की शिक्षा और विवाह जैसी आवश्यकताओं के लिए भी विशेष प्रावधान शामिल हैं। ऋण सुविधाओं के अंतर्गत, कर्मचारियों को ब्याज दरों में छूट और प्रोसेसिंग फीस में रियायत दी जाएगी। विभिन्न प्रकार के ऋण आसान शर्तों पर उपलब्ध कराए जाएंगे। साथ ही, कर्मचारियों को प्रीमियम डेबिट कार्ड मिलेंगे, जिनमें कई इनबिल्ट बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसके अतिरिक्त, रेमिटेंस, डीडी, चेकबुक, आरटीजीएस और नेफ्टी सहित विभिन्न बैंकिंग सेवाओं पर शुल्क में छूट दी जाएगी। कई सेवाएं नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे कर्मचारियों को अतिरिक्त आर्थिक लाभ मिलेगा।

## देश के आयुर्वेद विशेषज्ञ रोगों की पहचान एवं उपचार पर देंगे मार्गदर्शन

**आयुर्वेद कॉलेज द्वारा राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन कल**

**नवभारत,जबलपुर।** शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय जबलपुर द्वारा 13 फरवरी को सुबह 9.30 बजे से 'संहिता आधारित नैदानिक दृषिटकोण' विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला का तथा 14 फरवरी को दोपहर 2 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम 'गूंज-2026' का आयोजन किया जायेगा। दोनों कार्यक्रम राइट टाउन स्थित मानस भवन में होंगे। शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ एल एल अहिरवाल ने बताया कि राष्ट्रीय कार्यशाला में आयुर्वेद के माध्यम से रोगों की पहचान एवं उपचार की आधुनिक एवं व्यवहारिक पद्धतियों पर विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। कार्यशाला में प्रमुख वक्ता के रूप में देश के प्रतिष्ठित आयुर्वेद विशेषज्ञ भाग लेंगे। इनमें ऑल इंडिया इंस्टिट्यूट ऑफ आयुर्वेद के डीन एवं विभागाध्यक्ष डॉ. महेश व्यास, श्री धनवंतरी शासकीय आयुर्वेद कॉलेज उज्जैन के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ जे पी चौरसिया एवं मानसरोवर आयुर्वेदिक कॉलेज भोपाल के प्राचार्य डॉ अनुराग सिंह राजपूत शामिल हैं। कार्यशाला में आयुर्वेद चिकित्सक, विशेषज्ञ, शोधार्थी एवं विद्यार्थी भी सहभागिता करेंगे। इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का 14 फरवरी को दोपहर 2 बजे से आयोजन किया जाएगा।

## भगवान परशुराम प्राकट्योत्सव पर वाहन रैली 19 अप्रैल को

**नवभारत,जबलपुर।** मध्यप्रदेश प्रगतिशील ब्राम्हण महासभा द्वारा भगवान परशुराम प्राकट्योत्सव के अवसर पर 19 अप्रैल, रविवार को सांय 5 :30 बजे से भव्य वाहन रैली निकाली जाएगी। रैली गुलौआ चौक, गढ़ा से प्रारंभ होगी। इस आयोजन की तैयारियों को लेकर दमोहनाका स्थित शतकृतु आश्रम में महासभा की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में रैली की रूपरेखा, मार्ग, व्यवस्थाएँ और जनसहभागिता पर चर्चा की गई। बैठक में एड. आशीष त्रिवेदी, अखिलेश दीक्षित, एड. ब्रजेश दुबे, रत्नेश मिश्रा, एड. अपूर्व त्रिवेदी, एड. हर्षुल त्रिवेदी और प्रवीण तिवारी पल्ली सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद थे। महासभा ने कहा कि रैली का उद्देश्य भगवान परशुराम के शौर्य, त्याग और सामाजिक समरसता का संदेश जन-जन तक पहुँचाना है। महासभा ने सभी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में रैली में सहभागिता करने की अपील की।

# चौरसिया समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ

**नवयुवक एवं महिला मंडल की कार्यकारिणी घोषित**




**नवभारत,जबलपुर।** मां नर्मदा भोग भंडारा एवं चौरसिया समाज जबलपुर के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। समाज के अध्यक्ष शिव कुमार नारायण प्रसाद चौरसिया, सचिव भगवान नीलकंठ चौरसिया, कोषाध्यक्ष शैलेंद्र गोवर्धन चौरसिया तथा मीडिया प्रभारी अनिकेत दिलीप चौरसिया ने पदभार ग्रहण किया। महिला मंडल की अध्यक्ष रीता हरीश चौरसिया, सचिव सरिता भगवान चौरसिया, कार्यकारी अध्यक्ष स्नेलता दिनेश चौरसिया, सह सचिव रेखा राजेश चौरसिया, कोषाध्यक्ष श्वेता शैलेंद्र चौरसिया, सांस्कृतिक सचिव सुमन हरीश चौरसिया और सह सांस्कृतिक सचिव रितु विवेक चौरसिया ने भी शपथ ली। नवयुवक मंडल में अध्यक्ष राहुल राजू चौरसिया, सचिव आशीष सुशील चौरसिया, कोषाध्यक्ष सुशील लखन लाल चौरसिया और विधि सलाहकार अधिवक्ता अनुज दिलीप चौरसिया नियुक्त हुए। कार्यक्रम में अजय पंचम लाल चौरसिया द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ, भजन-गीत प्रस्तुतियाँ और बाल कलाकारों की फूलों की होली ने उत्सव का रंग बढ़ाया। अध्यक्ष शिव चौरसिया ने समाज को एकजुट रखने एवं विकास के संकल्प की अपील की। वरिष्ठजनों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं।

**दिशा-निर्देश** वंदे मातरम् को लेकर नई गाइडलाइन जारी

# विद्यालयों से लेकर सिनेमा हॉल तक गूंजेगा वंदे मातरम्




**नवभारत, जबलपुर।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने वंदे मातरम के लिए नए दिशानिर्देश जारी किए हैं, जिसके तहत इसे सभी सरकारी कार्यक्रमों और स्कूलों में राष्ट्रगान से पहले गाना अनिवार्य होगा। इस कदम का उद्देश्य राष्ट्रगीत के लिए एक समान प्रोटोकॉल स्थापित करना जिसमें सभी छह श्लोकों को शामिल करना है। बता दे कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बुधवार को वंदे मातरम के संबंध में नए दिशानिर्देश जारी किए, जिसमें कहा गया है कि सभी सरकारी कार्यक्रमों और स्कूलों में राष्ट्रगान से पहले वंदे मातरम गाया जाना चाहिए और इसके बजने के दौरान सभी को सावधान मुद्रा में खड़ा होना चाहिए।

### क्या है इतिहास

वंदे मातरम भारत का राष्ट्रगीत है, जिसे बंकिम चंद्र चटर्जी ने 1870 के दशक में लिखा था और 1950 में अपनाया गया था। अब पद्म पुरस्कार जैसे नागरिक पुरस्कार समारोहों और राष्ट्रपति की उपस्थिति में आयोजित होने वाले सभी अन्य कार्यक्रमों में उनके आगमन और प्रस्थान के दौरान राष्ट्रगीत बजाना अनिवार्य होगा। वही सिनेमा हॉल जैसे सार्वजनिक स्थानों पर भी राष्ट्रगीत बजाया जाएगा, हालांकि इस दौरान खड़े होना अनिवार्य नहीं है और इसके सभी छह श्लोक बजाए जाएंगे, जिनमें वे चार श्लोक भी शामिल हैं जिन्हें कांग्रेस ने 1937 में हटा दिया था। पहले, जन गण मन राष्ट्रगान की तरह वंदे मातरम के लिए कोई स्पष्ट राष्ट्रीय प्रोटोकॉल परिभाषित नहीं था। इस निर्णय का उद्देश्य राष्ट्रगीत के सम्मानपूर्वक पालन को औपचारिक रूप देना और आधिकारिक समारोहों, विद्यालयों और सार्वजनिक कार्यक्रमों में एकरूपता सुनिश्चित करना है। यह कदम संसद में राष्ट्रगीत के ऐतिहासिक महत्व पर हुई बहसों के बाद राष्ट्रीय प्रतीकों को लोकप्रिय बनाने और उन पर जोर देने के निरंतर प्रयासों को भी दर्शाता है।

## आज निकलेगी घटयात्रा, स्वर्ण कलश होंगे समर्पित

**नवभारत,जबलपुर।** संस्कारधानी में श्री तारण तरण दिगंबर जैन चैत्यालय में 13, 14 एवं 15 फरवरी 2026 को आयोजित होने वाले वेदी प्रतिष्ठा, कलशारोहन, वेदी सूतन एवं तिलक महामहोत्सव के अंतर्गत आज गुरुवार को भव्य घटयात्रा निकाली जाएगी। मीडिया प्रभारी दीपक राज जैन ने बताया कि विभिन्न धर्मप्रेमी परिवारों द्वारा मूल वेदी, क्रमांक 1 एवं 2 वेदी तथा मुख्य एवं अन्य शिखरों के स्वर्ण कलश समर्पित किए जाएंगे। प्रात: 8 से 9 बजे तक मंदिर विधि तथा 9 से 10 बजे तक समाज का स्वल्पाहार आयोजित होगा। इसके उपरांत 10 बजे सरोज दूधवाला परिवार के निवास (केशरवानी कॉलेज के सामने) से जिनवाणी पालकी शोभायात्रा प्रारंभ होगी, जो विभिन्न समर्पितकर्ता परिवारों के प्रतिष्ठानों से होते हुए भजन-भक्ति एवं बैंड-बाजों के साथ फूटाताल मेला ग्राउंड पहुंचेगी। दोपहर 1 बजे से घटयात्रा, समवशरण पंडाल में वेदी शुद्धि कार्यक्रम तथा शाम 4 से 6 बजे तक सकल तारण तरण समाज की पात्र भावना संपन्न होगी। आयोजक मंडल एवं रामडिम मूरी परिवार ने समाजजनों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।



## सेंट्रल बैंक और पूर्व क्षेत्र कंपनी का सैलरी पैकेज समझौता

**नवभारत,जबलपुर।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया और मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के बीच कॉर्पोरेट सैलरी पैकेज पर समझौता हुआ। इस समझौते से कंपनी के अधिकारियों और कर्मचारियों को बैंक की विशेष बैंकिंग सेवाएं और बीमा लाभ मिलेंगे। समझौते में खाताधारकों को व्यक्तिगत दुर्घटना और जीवन बीमा में 1 करोड़ से 1.5 करोड़ रुपए तक का लाभ मिलेगा। साथ ही न्यूनतम बैलेंस, पासबुक, इंटरनेट बैंकिंग, एटीएम कार्ड, ऑनलाइन नेफ्ट/आरटीजीएस, एसएमएस अलर्ट, ड्राफ्ट, मल्टीसिटी चेक जैसी सुविधाएं मुफ्त होंगी। होम लोन, कार लोन, पर्सनल लोन और शिक्षा ऋण किफायती दरों पर उपलब्ध होंगे। इस अवसर पर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के डी. पी. खुराना, महाप्रबंधक (रिसोर्सेज), मुंबई; डी. के. पांडे, उप महाप्रबंधक, भोपाल; अविनाश कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक सुबीर कुमार, सहायक महाप्रबंधक, विवेक कुमार, मुख्य प्रबंधक (रिसोर्सेज) प्रशांत मानी, सृजन गुप्ता, सोमेश गौतम एवं पूर्व क्षेत्र कंपनी के मो. ए. कुरैशी, अतिरिक्त मुख्य महाप्रबंधक (प्रशासन); आर. सी. साहू, महाप्रबंधक (स्थापना); आनंद नायक, उप निदेशक; अवनीश गुप्ता, उप महाप्रबंधक एवं प्रबंधक (आईटी) आदि उपस्थित थे।